This question paper contains **16+8** printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**596**

**B.Com. (Hons.)/II** **G**

Paper Code : B-402

Paper IX—COST ACCOUNTING

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 55

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— The maximum marks printed on the question paper are applicable for the students of the regular colleges (Cat.-A). These marks will, however, be scaled up proportionately in respect of the students of NCWEB/SOL at the time of posting of awards for compilation of result.

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

P.T.O.

**टिप्पणी :–** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt *All* questions.

**सभी** प्रश्न कीजिए।

1. (*a*) Distinguish between Cost Accounting and Financial Accounting. 5

(*b*) A company manufactures a product having a monthly demand of 2000 units. For one unit of finished product, 2 kg of a particular item of raw material is needed. The purchase price of the material is Rs. 20 per kg. The ordering cost is Rs. 120 per order and the holding cost is 10% per annum. Calculate :

(*i*) Economic order quantity, and

(*ii*) Annual cost of purchasing and storage of the raw material at that quantity. 6

*Or*

(*a*) Mention the factors which should be considered in installing a costing system in an organization. 5

(*b*) Prepare a Stores Ledger Card, using the FIFO method of issue pricing, on the basis of the following information : 6

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sept. | 1 | Opening stock | : 20 units @ Rs. 2 |
| | 10 | Issued | : 10 units |
| | 15 | Purchased | : 30 units @ Rs. 4 |
| | 20 | Issued | : 30 units |
| | 25 | Purchased | : 40 units @ Rs. 5 |
| | 25 | Received back in store | : 10 units which were issued on 10th Sept. |
| | 28 | Issued | : 20 units |

(क) लागत लेखाकरण और वित्तीय लेखाकरण में अंतर बताइए।

(ख) एक कंपनी एक उत्पाद का निर्माण करती है जिसकी मांग 2000 यूनिट मासिक है। एक यूनिट को तैयार करने में एक विशेष वस्तु की कच्चे माल के रूप में 2 किग्रा. की आवश्यकता होती है। इस सामग्री की क्रय कीमत 20 रु. प्रति किग्रा. है। इसकी आदेश-लागत 120 रु. प्रति आदेश है और धारण लागत 10% प्रति वर्ष है। परिकलन कीजिए :

(*i*) आर्थिक आदेश मात्रा

(*ii*) इतनी मात्रा में कच्चे माल को खरीदने और भंडारण की वार्षिक लागत।

**अथवा**

(क) संगठन में लागत-निर्धारण पद्धति स्थापित करने में जिन कारकों को विचाराधीन रखना चाहिए उनका उल्लेख कीजिए।

(ख) जारी-कीमतन की FIFO विधि का प्रयोग करके निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर स्टोर्स लेजर कार्ड तैयार कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| 1 सितंबर | आरंभिक स्टॉक | : 20 यूनिट 2 रु. की दर से |
| 10 ,, | जारी | : 10 यूनिट |
| 15 ,, | खरीदीं | : 30 यूनिट 4 रु. की दर से |
| 20 ,, | जारी | : 30 यूनिट |
| 25 ,, | खरीदीं | : 40 यूनिट 5 रु. की दर से |
| 25 ,, | स्टोर में वापस प्राप्त | : 10 यूनिट जिन्हें 10 सितंबर को जारी किया गया था |
| 28 ,, | जारी | : 20 यूनिट |

2. (*a*) State the purpose served by Time-keeping and Time-booking records of a factory. 5

(*b*) In a factory, the manufacturing overheads are recovered at a predetermined rate of Rs. 15 per labour-hour. The total factory overheads incurred and the labour hours actually worked during the year 2013 were Rs. 40 lakh and 2 lakh labour-hours respectively. Out of 40,000 units produced during the year 2013, 30,000 units were sold.

On analyzing the reasons, it was found that 60% of the unabsorbed overheads were due to defective planning and the rest were attributable to increase in overhead costs.

How would you treat the unabsorbed factory overheads during 2013 in cost accounts ? 6

*Or*

(*a*) What is labour turnover ? What are its causes ? 5

(*b*) From the following particulars for a particular month, calculate :

(*i*) The amount of cash required for payment of wages for the month, and

(*ii*) Total labour cost to the employer for the month.

| | |
|---|---|
| Wages for normal hours worked | Rs. 60,500 |
| Wages for overtime work | Rs. 12,200 |
| Leave wages | Rs. 4,700 |
| Employee's PF subscription | Rs. 6,100 |
| Employer's contribution to PF | Rs. 4,400 |
| House rent to be recovered from 30 employees @ Rs. 100 p.m. | |

6

(क) फैक्ट्री के टाइम-कीपिंग और टाइम बुकिंग रिकार्डों से क्या उद्देश्य पूरा होता है, उल्लेख कीजिए।

(ख) एक फैक्ट्री में निर्माण संबंधी उपरिव्ययों को 15 रु. प्रति श्रम घंटे की पूर्वनिर्धारित दर से वसूल किया जाता है। फैक्ट्री के द्वारा किए गए कुल उपरिव्यय और वर्ष 2013 के दौरान वास्तव में काम के श्रम घंटे क्रमशः 40 लाख रु. और 2 लाख श्रम-घंटे थे। वर्ष 2013 में उत्पादित 40,000 यूनिटों में से 30,000 यूनिटें बिकी थीं।

कारणों का विश्लेषण करने पर यह पता चला कि अनावशोषित उपरिव्ययों का 60% दोषपूर्ण आयोजन के कारण था और शेष उपरिव्यय लागतों में वृद्धि के कारण माना जा सकता है।

आप 2013 के दौरान अनावशोषित फैक्ट्री उपरिव्ययों को लागत लेखों में कैसे लिखेंगे ?

**अथवा**

(क) श्रमिक आवर्त क्या होता है ? इसके क्या कारण हैं ?

(ख) एक खास महीने के लिए निम्नलिखित विवरणों से परिकलन कीजिए :

(i) माह के लिए मजदूरियों की अदायगी के निमित्त रोकड़ राशि की आवश्यकता

(ii) माह के लिए नियोक्ता की कुल श्रम-लागत।

| | |
|---|---|
| सामान्य घंटे काम करने के लिए मजदूरियाँ | 60,500 रु. |
| समयोपरि काम के लिए मजदूरियाँ | 12,200 रु. |
| अवकाश की एवज में मजदूरियाँ | 4,700 रु. |
| कर्मचारी भविष्य निधि चंदा | 6,100 रु. |
| नियोक्ता का भविष्य-निधि में योगदान | 4,400 रु. |

30 कर्मचारियों से गृह-किराया 100 रु. प्रति मास की दर से वसूला गया।

3. (a) Calculate Labour Hour Rate from the following : 5

| | |
|---|---|
| Total No. of workers | 100 |
| Working days in a year | 300 |

| | |
|---|---|
| Working hours per day | 8 |
| Idle time | 5% |
| Factory overheads | Rs. 1,14,000 |
| Gift to workers | Rs. 1,000 |

(*b*) The works cost of a certain article is Rs. 400 and the selling price is Rs. 800. The following direct selling and distribution expenses were incurred :

| | |
|---|---|
| Freight | Rs. 40 |
| Insurance | Rs. 10 |
| Commission | Rs. 60 |
| Packing cases | Rs. 10 |

The estimated fixed selling and distribution expenses for the year were Rs. 30,000 and the estimated value of sales for the year was Rs. 1,50,000.

You are required to calculate the total cost of the article using the method of percentage on sales to recover fixed selling and distribution expenses. 6

*Or*

A company manufactures two products P and Q, using the same equipment and identical processes. An extract of the production data for the year 2014 is as follows :

| | P | Q |
|---|---|---|
| Units produced | 5,000 | 7,000 |
| Direct labour hours per unit | 1 | 2 |
| Machine hours per unit | 3 | 1 |
| Total number of set-ups | 10 | 40 |
| Total number of orders handled | 15 | 60 |

Annual overhead costs are :

| | Rs. |
|---|---|
| Relating to machine activity | 2,20,000 |
| Relating to production set-ups | 20,000 |
| Relating to order handling | 45,000 |
| | 2,85,000 |

You are required to calculate the production overheads to be absorbed per unit of product P and Q using :

(*i*) the traditional absorption costing based upon direct labour hours, and

(*ii*) an activity based costing approach. 11

(क) निम्नलिखित से श्रम घंटा दर का परिकलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| कर्मचारियों की कुल संख्या | 100 |
| एक वर्ष में कार्यशील दिन | 300 |
| प्रतिदिन कार्यशील घंटे | 8 |
| निष्क्रिय समय | 5% |
| फैक्ट्री के उपरिव्यय | 1,14,000 रु. |
| कर्मचारियों को उपहार | 1,000 रु. |

(ख) एक विशेष वस्तु को बनाने की लागत 400 रुपए है और उसकी विक्रय कीमत 800 रु. है। निम्नलिखित प्रत्यक्ष बिक्री और वितरण खर्चे किए गए :

| | |
|---|---|
| मालभाड़ा | 40 रु. |
| बीमा | 10 रु. |
| कमीशन | 60 रु. |
| पैकिंग के केस | 10 रु. |

इस वर्ष के लिए अनुमानित स्थायी विक्रय तथा वितरण व्यय 30,000 रु. हुए और इस वर्ष की अनुमानित विक्रय राशि 1,50,000 रु. थी।

आपको स्थायी विक्रय तथा वितरण खर्चों को वसूल करने के लिए, बिक्री पर प्रतिशतता विधि का प्रयोग करके वस्तु की कुल लागत का परिकलन करना है।

**अथवा**

एक कंपनी P और Q दो उत्पादों का निर्माण एक ही उपस्कर को प्रयोग में लेकर और समरूप प्रक्रियाओं द्वारा करती है। वर्ष 2014 के लिए उत्पादन आँकड़ों का निष्कर्ष इस प्रकार है :

| | P | Q |
|---|---|---|
| यूनिटें उत्पादित | 5,000 | 7,000 |
| प्रति यूनिट प्रत्यक्ष श्रम-घंटे | 1 | 2 |
| प्रति यूनिट मशीन घंटे | 3 | 1 |
| सैट-अपों की कुल संख्या | 10 | 40 |
| पूरे किए गए आदेशों की संख्या | 15 | 60 |

वार्षिक उपरिव्यय लागतें ये हैं :

| | रु. |
|---|---|
| मशीन की गतिविधियों से संबंधित | 2,20,000 |
| उत्पादन सैट-अप से संबंधित | 20,000 |
| आदेश को पूरा करने से संबंधित | 45,000 |
| | 2,85,000 |

आपको निम्नलिखित का प्रयोग करके P और Q उत्पाद की प्रति यूनिट अवशोषित उत्पादन उपरिव्ययों का परिकलन करना है :

(*i*) प्रत्यक्ष श्रम-घंटों पर आधारित परंपरागत अवशोषण लागत-निर्धारण पद्धति

(*ii*) गतिविधि आधारित लागत-निर्धारण पद्धति।

4. (*a*) A city municipality arranges for the removal of garbage by means of motor vehicular transport. The following vehicles are maintained :

| **No. of Vehicles** | **Specifications** |
|---|---|
| 30 | 5 tonne lorries |
| 40 | 3 tonne lorries |

On an average each lorry makes 5 trips a day and in each trip covers an average distance of 6 kms. Each lorry carries garbage weighing only 50% of its capacity. Taking an annual average 10% of the lorries are laid up

for repairs every day. Assuming that a month consists of 30 days, calculate the cost per tonne-km for removal of garbage if the total monthly operating expenses are Rs. 2,18,700. 5

(*b*) A company maintains separate cost and financial accounts, and the costing profit for a particular year differed to that revealed in the financial accounts. Profit as per financial accounts was Rs. 50,000. The following information is available :

(*i*) Stock Values :

| | **Cost Accounts** | **Financial Accounts** |
|---|---|---|
| Opening stock of raw materials | 5,000 | 5,500 |
| Closing stock of raw materials | 4,000 | 5,300 |
| Opening stock of finished goods | 12,000 | 15,000 |
| Closing stock of finished goods | 14,000 | 16,000 |

(*ii*) Dividend of Rs. 1,000 was received by the co.

(*iii*) A machine with net book value of Rs. 10,000 was sold during the year for Rs. 8,000.

(*iv*) The company charged 10% interest on its opening capital employed of Rs. 80,000 to its process costs.

You are required to determine the profit as per cost accounts. 6

*Or*

From the following information prepare the process accounts, normal and abnormal wastage accounts and abnormal effectives account : 11

| | **Process A** | **Process B** | **Process C** |
|---|---|---|---|
| Raw materials input (2,000 units) | Rs. 10,000 | — | — |
| Direct wages | 5,000 | 15,000 | 10,000 |
| Manufacturing overheads | 4,680 | 2,640 | 3,600 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Normal wastage | | | |
| (% of input) | 2% | 10% | 10% |
| Realisable value of | | | |
| wastage p.u. | Rs. 2 | Rs. 10 | Rs. 10 |
| Output (Units) | 1960 | 1700 | 1550 |

(क) एक शहर का नगर निगम मोटर चालित गाड़ियों के जरिए मलवा हटाकर उसके पारवहन की व्यवस्था करता है। निम्नलिखित गाड़ियों का रखरखाव रखा जाना है :

| **गाड़ियों की संख्या** | **विशिष्टयाँ** |
|---|---|
| 30 | 5 टन की लौरियाँ |
| 40 | 3 टन की लौरियाँ |

औसतन प्रत्येक लौरी एक दिन में 5 फेरे लगाती है और प्रत्येक फेरे में औसतन 6 किमी. की दूरी तय होती है। प्रत्येक लौरी अपनी क्षमता का केवल 50% भार वाले मलवे को ले जाती है। वार्षिक औसत 10% लौरियाँ हर दिन

मरम्मत के लिए खड़ी रहती हैं। यह मानकर कि महीने में 30 दिन होते हैं, मलवे को हटाने के लिए प्रति टन किमी. लागत का परिकलन कीजिए यदि कुल मासिक प्रचालन खर्चे 2,18,700 रु. हों।

(ख) एक कंपनी लागत और वित्तीय लेखों को पृथक रखती है और खास वर्ष के लिए लागतन लाभ, वित्तीय लेखों में प्रकट लागत से भिन्न देखा गया है। वित्तीय लेखों के अनुसार लाभ 50,000 रु. था। निम्नलिखित सूचनाएँ उपलब्ध हैं :

(i) स्टॉक का मूल्य :

| | **लागत लेखा** (रु.) | **वित्तीय लेखा** (रु.) |
|---|---|---|
| कच्चे माल का प्रारंभिक स्टॉक | 5,000 | 5,500 |
| कच्चे माल का अंतिम स्टॉक | 4,000 | 5,300 |
| तैयार माल का आरंभिक स्टॉक | 12,000 | 15,000 |
| तैयार माल का अंतिम स्टॉक | 14,000 | 16,000 |

(*ii*) कंपनी को 1,000 रु. लाभांश प्राप्त हुआ था।

(*iii*) 10,000 रु. निवल खाता मूल्य वाली मशीन को इस साल 8,000 रु. में बेच दिया था।

(*iv*) कंपनी ने 80,000 रु. की लगाई गई अपनी आरंभिक पूँजी पर 10% ब्याज लिया जो कि उसने प्रक्रिया लागत के रूप में लगाई थी। आपको लागत लेखों के अनुसार लाभ का निर्धारण करना है।

**अथवा**

निम्नलिखित सूचनाओं से प्रक्रिया लेखे, सामान्य और असामान्य छीजन लेखे और असामान्य प्रभावी लेखे तैयार कीजिए :

| | **प्रक्रिया A** | **प्रक्रिया B** | **प्रक्रिया C** |
|---|---|---|---|
| कच्चे माल का निवेश | | | |
| (2,000 यूनिट) | Rs. 10,000 | — | — |
| प्रत्यक्ष मजदूरियाँ | 5,000 | 15,000 | 10,000 |
| निर्माण के उपरिव्यय | 4,680 | 2,640 | 3,600 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सामान्य छीजन (निवेश का %) | 2% | 10% | 10% |
| छीजन प्रति यूनिट का वसूली मूल्य | 2 रु. | 10 रु. | 10 रु. |
| उत्पादन (यूनिट) | 1960 | 1700 | 1550 |

5. The following information relate to a building contract for Rs. 10,00,000 :

| | **2012** (Rs.) | **2013** (Rs.) |
|---|---|---|
| Materials issued | 3,00,000 | 84,000 |
| Plant issued | 14,000 | 2,000 |
| Wages | 2,52,000 | 1,15,000 |
| Overheads | 6,000 | 1,400 |
| Work certified | 7,50,000 | 10,00,000 |

| | | |
|---|---|---|
| Work uncertified (cost) | 8,000 | — |
| Materials at site at the end | 5,000 | 7,000 |
| Value of the plant at the end of the year | 7,000 | 5,000 |
| Cash received from contractee | 6,00,000 | 10,00,000 |

You are required to prepare contract account and contractee's account for the two years taking into account such profit for transfer to profit and loss account as you think proper. 11

*Or*

(*a*) How will you treat profit on incomplete contracts in cost accounts ? 5

(*b*) What is meant by 'Inter-locked' and 'Integrated' System of maintaining Cost and Financial Accounts ? Which one would you advice to adopt and why ? 6

निम्नलिखित सूचनाएँ 10,00,000 रु. की भवन संविदा के बारे में हैं :

| | 2012 (रु.) | 2013 (रु.) |
|---|---|---|
| सामग्री जारी की गई | 3,00,000 | 84,000 |
| संयंत्र जारी | 14,000 | 2,000 |
| मजदूरियाँ | 2,52,000 | 1,15,000 |
| उपरिव्यय | 6,000 | 1,400 |
| काम सत्यापित | 7,50,000 | 10,00,000 |
| काम असत्यापित (लागत) | 8,000 | — |
| अंत में सामग्री साइट पर | 5,000 | 7,000 |
| वर्ष के अंत में संयंत्र का मूल्य | 7,000 | 5,000 |
| संविदा से प्राप्त रोकड़ | 6,00,000 | 10,00,000 |

आपको दो वर्ष का संविदा लेखा और संविदी लेखा ऐसे लाभ को, लाभ और हानि लेखे में अंतरित करने के लिए हिसाब में लेकर तैयार करना है।

P.T.O.

**अथवा**

(क) आप अपूर्ण संविदाओं पर लाभ को लागत लेखों में कैसे लिखेंगे ?

(ख) लागत और वित्तीय लेखों को बनाने में इन्टरलॉक्ड तथा समेकित पद्धति से आप क्या समझते हैं ? आप किस पद्धति को अपनाने की सलाह देंगे और क्यों ?